# राजनैतिक दलों को आदर्श आचार संहिता की करनी होगी पालना

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार केन्द्र या राज्य सरकार के मंत्री बतौर अभ्यर्थी या मतदाता या प्राधिकृत अभिकर्ता की हैसियत के अतिरिक्त किसी मतदान केन्द्र या मतगणना के स्थान में प्रवेश नहीं करेंगे।

जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने बताया कि चुनाव के दौरान निर्धारित आदर्श आचार संहिता की पालना सभी राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों को करनी चाहिए। निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन सभाएं आयोजित करने के लिये मैदानों इत्यादि जैसे सार्वजनिक स्थानों और हवाई जहाजों के लिये हेलीपेड्स के उपयोग पर किसी का एकाधिकार नहीं होगा।

आदर्श आचार संहिता चुनावों में निर्वाचन लड़ने वाले दलों और अभ्यर्थियों को समान अवसर प्रदान करने का सुनिश्चय करने के लिये और यह भी देखने के लिये कि निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल दल भ्रष्ट न हो जाये, निर्वाचन आयोग पहले भी आदर्श आचार संहिता के अधीन अनुदेश जारी करता रहा है। संविधान का अनुच्छेद 324 है, जो आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपता है।

लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के अधीन निर्वाचन के घोषणा पत्र के प्रतिज्ञाओं को भ्रष्ट आचरण नहीं समझा जा सकता, इस वास्तविकता की उपेक्षा नहीं की जा सकती कि किसी भी प्रकार के मुफ्त उपहारों का वितरण निःसंदेह लोगों को प्रभावित करता है, यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों की जड़ों को काफी हद तक हिला कर रख देता है। निर्वाचन घोषणा राजनैतिक दलों द्वारा उद्घोषणा पत्र में यह स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है कि उनके प्रोग्राम, नीतियां एवं वादे आदर्श आचार संहिता में वर्णित आधारों के अनुरूप है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा भी अपना स्वयं का चुनावी घोषणा पत्र जारी किया जाता है तो उनके द्वारा भी इन निर्देशों की अनुपालना किया जाना अपेक्षित है।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आज से शुरू होगा

**श्रीगंगानगर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से नसबंदी में पुरुषों का योगदान बढ़ाने के लिए 21 नवंबर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। 'स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा' पखवाड़े की थीम रहेगी। मंगलवार से शुरु होने वाला यह पखवाड़ा चार दिसंबर तक चलेगा और इस दौरान पहले सप्ताह में मोबिलाईजेशन सप्ताह व दूसरे में सेवा वितरण सप्ताह मनाया जाएगा। सोमवार को एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जिसमें डीपीएम विपुल गोयल, नकुल शेखावत, डीएसी रायसिंह सहारण, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई, प्रशांत कुमार व एसओ राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ. गिरधारी लाल मेहरड़ा ने बताया कि राज्य में परिवार कल्याण सेवाओं में अपेक्षित प्रगति एवं महत्वपूर्ण संकेत उच्च प्रजनन दर 2.0 प्राप्त करने के बाद अभी भी महिलाएं परिवार नियोजन की जिम्मेदारी प्रमुख रूप से उठाती है, जबकि परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बराबर होनी चाहिए। ऐसे में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने एवं नसबंदी के तरीकों जैसे पुरुष नसबंदी व कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के क्रम में 21 नवंबर से पुरुष नसंबदी पखवाड़ा शुरू किया जाएगा। मोबिलाईजेशन सप्ताह 21 से 27 नवंबर तक चलेगा जिसमें जागरूकता पैदा की जाएगी, वहीं 28 नवंबर से चार दिसंबर तक सेवा वितरण सप्ताह चलेगा जिसमें नसबंदी शिविर, कंडोम वितरण आदि के साथ अन्य परिवार कल्याण संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। एसीएमएचओ डॉ. मेहता ने बताया कि पहले चरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक देंगे।

## क्यूआर कोड वाली मिलेगी मतदाता स्लिप

**बज्जू ,** (कासं)। प्रदेश में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को फोटोयुक्त पर्ची की जगह इस बार क्यूआर कोड वाली वोटर स्लिप दी जा रही है। इसे स्कैन करते ही विधानसभा क्षेत्र और मतदान केन्द्र का सभी ब्योरा मिलेगा। इससे मतदाताओं को मतदान केंद्र खोजने के लिए भी भटकना नहीं पड़ेगा। बीएलओ ने यह पर्ची घर-घर बांटना शुरू कर दी है। निर्वाचन विभाग की ओर से 80 साल से ज्यादा आयु के बुजुर्ग और दिव्यांगों को होम वोटिंग की सुविधा के बाद क्यूआर कोड वाली वोटर स्लिप पहली बार दी जा रही है। मतदाताओं को वोटर स्लिप वितरित करने का कार्य शुरू हो गया है।

## शव मिलने से मचा हडकंप

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के दंतौर पुलिस थाना क्षेत्र में कई दिन पुराना तथा सड़ी गली अवस्था में शव मिलने के बाद हडकंप मच गया। दंतौर में केएचएम नहर की 100 आरडी के निकट एक व्यक्ति का शव मिला है। इस आशय की रिपोर्ट कालूराम बावरी ने थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि सड़ी गली अवस्था में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है तथा बुरी तरह से सड़ गल गया है। जिसकी वजह से आसपास का वातावरण प्रदूषित हो गया है।

# पेंशनर इंजिनियर्स सोसायटी ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पेंशनर इंजिनियर्स सोसायटी बीकानेर द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह इंजी.वी.एस.शर्मा की अध्यक्षता में अग्रवाल चेतना समिति भवन, जय नारायण व्यास कॉलोनी में हर्षोलास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवम् इंजी. सपन कुमार के द्वारा गणेश वन्दना की प्रस्तुति के साथ किया गया।

सोसायटी के महासचिव इंजी. सैय्यद कासम अली ने अन्तस के उजास का प्रतीक दीपावली की महत्ता बताते हुए कहा कि प्रकाश पर्व दीपावली अपने मे ना जाने कितने आदेश, शिक्षा और प्रतीक समेटे हुए है।

घुप्प अंधेरी रात में दीप जलाकर हम बाहर के अंधेरे को दूर कर देते है, लेकिन इससे ज्यादा महत्व है मन के अंधकार, अज्ञानता, बुराइ्यों को दूर कर एवम् अपने जीवन,समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना है, इसी मे पर्व की सार्थकता ओर अधिक बढ़ जाती है। सोसायटी के संरक्षक इंजी. एम. के. गुप्ता ने सोसायटी के उद्देश्यों एवम् सोसायटी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर इंजी. मोहनलाल बवेजा, इंजी.के.के.सोनी, इंजी. के.एल.जाखड़, इंजी. अरुण कुमार पाण्डे एवं श्रीमती मधु पाण्डे, इंजी. सपन कुमार, इंजी. ए.पी.शर्मा एवं श्रीमती उर्मिला शर्मा, इंजी.एम.एम.मूंधड़ा, इंजी. जावेद मिर्जा, इंजी. किशन धवल, इंजी. विशंभर दास डांग, इंजी.टी.आर.गर्ग ने भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता 25 दिसंबर से

**बीकानेर,**(कासं)। 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता वेटलिफ्टिंग 19 वर्ष (छात्र-छात्र) एवं सॉफ्टबॉल 17 वर्ष आयुवर्ग (छात्र-छात्रा) का आयोजन 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक बीकानेर में होगा। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में 28 राज्य व 8 केंद्रशासित प्रदेश एवं केंद्रीय संगठन विद्यालय टीम शामिल होंगी।

इस खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियों के? संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर ने यह जानकारी दी। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियां का गठन करने को कहा। जिला कलक्टर ने खिलाडियों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा टीम आवागमन के लिए यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। प्रतियोगिता के दौरान सभी खेल स्थलों पर पेयजल, छाया एवं बैठने की व्यवस्थाएं सुनिश्चत करने के भी निर्देश दिए।

भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से पहले नगर निगम प्रशासन शहर के अलावा खेल मैदान की सफाई, आवास स्थल व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों की चिकित्सा व्यवस्था के लिए डॉक्टर टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि वेटलिफ्टिंग 19 वर्ष आयुवर्ग में छात्र एवं छात्राओं की कुल संख्या 690 तथा सॉफ्टबॉल 17 वर्ष आयुवर्ग में छात्र एवं छात्राओं की कुल संख्या 1 हजार 235 संभावित हैं। उन्होंने बताया कि खिलाडियों के लिए आवासीय भवन चिन्हित किए गए हैं। भाटी ने बताया कि वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह पुष्करणा स्टेडियम एवं सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह डॉ करणी सिंह स्टेडियम में होना प्रस्तावित हैं।

## मतदान प्रतिशत का इनकोर पोर्टल पर इन्द्राज होगा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान 25 नवम्बर को होने वाले मतदान दिवस के दिन प्रत्येक दो घंटे में मतदान प्रतिशत इनकोर पोर्टल पर अद्यतन किया जायेगा।

जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में संभावित मतदान प्रतिशत का प्रदर्शन इनकोर पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक दो घंटे में प्रातः 9 बजे, 11 बजे, दोपहर 1 बजे सायं 3 बजे, 5 बजे और सायं 7 बजे अपडेट करना होगा। विधानसभाओं के रिटर्निंग ऑफिसर स्तर से इनकोर पोर्टल पर निर्धारित समयानुसार सूचनाओं का इन्द्राज किया जाना है।

## पुष्पांजली कार्यक्रम कल

**बीकानेर,** (कासं)। सादूल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट बीकानेर के तत्वावधान में इटली मूल के राजस्थानी भाषा के शोधार्थी डॉ. एल. पी. तैस्सितोरी की 104वीं पुण्यतिथि का आयोजन बुधवार को किया जाएगा।

# पटाखों के उपयोग एवं आतिशबाजी पर प्रतिबंध हेतु निषेधाज्ञा लागू

**बीकानेर,** (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट भगवती प्रसाद कलाल ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के संपूर्ण (नगरीय और ग्रामीण) क्षेत्र में पटाखों के उपयोग एवं आतिशबाजी पर प्रतिबंध हेतु निषेधाज्ञा लागू की है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार प्रधानमंत्री की प्रस्तावित बीकानेर यात्रा के दौरान किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के द्वारा पटाखों के उपयोग एवं आतिशबाजी से कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं, इसके मध्यनजर कानून व्यवस्था और लोक शांति बनाए रखने के लिए यह निरोधात्मक कार्यवाही की गई है।

# मतदान के बाद स्ट्राँग रूम सील होगा व लॉगबुक संधारित होगी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान मतदान के पश्चात ईवीएम को सुरक्षित स्ट्राँग रूम में सील करने का कार्य संबंधित आरओ द्वारा चुनाव पर्यवेक्षक की उपस्थिति में किया जायेगा।

जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने गंगानगर क्षेत्र की विधानसभाओं के आरओ को निर्देशित किया है कि स्ट्राँग रूम सील के समय वहां कोई उम्मीदवार या चुनाव अभिकर्ता उपस्थित है, तो सील के उपरांत वह अपनी कोई सील लगवाना चाहे तो ऐसा कर सकता है, इस आशय की लिखित सूचना सभी चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को आरओ द्वारा यथा समय दी जाकर पावती ली जायेगी। स्ट्राँग रूम सील करने की वीडियोग्राफी भी करवाई जायेगी। प्रत्येक स्ट्राँग रूम की एक अलग लॉगबुक रखी जायेगी, जिस पर आरओ द्वारा सील करने का समय एवं तारीख लगाई जायेगी तथा लगाये गये सुरक्षा प्रभारी के हस्ताक्षर भी करवाये जायेंगे।

- लगातार 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था में रहेगी ईवीएम

25 नवम्बर को मतदान के पश्चात स्वर्गीय गुरूशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय सूरतगढ़ एवं सेठ बिहारी लाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय अनूपगढ़ में ईवीएम मशीन संग्रहण पश्चात इन महाविद्यालयों में निर्धारित अस्थाई स्ट्राँग रूम से ईवीएम एवं संबंधित सामग्री मतदान दिवस को ही संबंधित आरओ व एआरओ द्वारा पुलिस अभिरक्षा में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर में संबंधित विधानसभाओं हेतु निर्धारित स्ट्राँग रूम में रखवाई जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था 24 घंटे सातों दिन भारत निर्वाचन आयोग व निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार करवाई जायेगी।

ईवीएम संग्रहण की तिथि से लेकर मतगणना पूर्ण होने तक राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को ईवीएम स्ट्राँग रूम की सुरक्षा व्यवस्था अवलोकन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं संबंधित आरओ द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। संबंधित आरओ व प्रभारी ईवीएम इस संबंध में निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। ईवीएम संग्रहण स्थल पर जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा विद्युत व्यवस्था के लिये उतरदायी होंगे।

संग्रहण संबंधी विभिन्न व्यवस्था चिन्हित करने के लिये कार्ड सीट एवं अन्य चुनाव संबंधी कार्य दर्शाने वाले बैनर एवं साइनेज व्यवस्था हेतु डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर के लिये अधीशाषी अभियंता पीडब्लूयूडी द्वारा करवाई जायेगी। चुनाव सामग्री संग्रहण स्थल पर वाहन स्थल पर टेंट, फर्नीचर, साउंड सिस्टम, शौचालय आदि की समस्त व्यवस्थाएं प्रभारी अधिकारी सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। संग्रहण स्थल पर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

झूठे वादे, भ्रष्ट इरादे, हाल बदहाल
जनता पूछे कांग्रेस से
सवाल ?
राजस्थान में पेट्रोल-डीजल सबसे महंगा क्यों?
किसानों की कर्जमाफी के वादे का क्या हुआ?
5 साल में 17 बार पेपर लीक क्यों हुआ?
35,000 बेटियों के साथ दुष्कर्म क्यों?
राजस्थान में 7,800 निर्दोष नागरिकों की हत्या क्यों?
ड्रिल मशीन से शिवलिंग और बुलडोजर से राम दरबार क्यों तोड़ा?
डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ के 50,500 पद खाली क्यों?
13,000 स्कूल बंद हुए, शिक्षा व्यवस्था के प्रति इतनी लापरवाही क्यों?
जल जीवन मिशन में ₹20,000 करोड़ का घोटाला क्यों?
पीएम किसान सम्मान निधि में से 2.5 लाख किसानों के ₹170 करोड़ रुपए किसने गायब किए?
इस कुशासन का जवाब देंगे
इस बार भाजपा को चुनेंगे
कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं
भाजपा, राजस्थान